# राजस्थान का इतिहास

## 222+ प्रश्नों की PDF

### राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु

**1. दशरथ शर्मा ने सिंधु घाटी सभ्यता की तीसरी राजधानी किसे कहा है-**
(1) कालीबंगा✓ (2) बालाथल
(3) आहड़ (4) गिलूण्ड

**2. अनाज रखने के बड़े मृदभांड जिन्हें 'गोरे एवं कोठे' कहा जाता था किस प्राचीन सभ्यता से प्राप्त हुए हैं -**
(1) आहड़✓ (2) कालीबंगा
(3) गणेश्वर (4) बैराठ

**3. राजस्थान के किस पुरातात्विक स्थल से अपोलोडोट्स का सिक्का प्राप्त हुआ-**
(1) सुनारी (2) रैढ़✓
(3) रंगमहल (4) बरोर

**4. रंगमहल में किस पुरातत्वविद् के निर्देशन में उत्खनन कार्य किया गया-**
(1) के. एन. पुरी (2) आर. सी. अग्रवाल
(3) हन्नारिड✓ (4) वी. एन. मिश्र

**5. निम्न में से कौनसी सभ्यता लूणी नदी के किनारे विकसित हुई।**
(1) बागौर (2) तिलवाड़ा✓
(3) बरोर (4) भरनी

**6. बून्दी में किस नदी के किनारे गुफाओं से शैल चित्र प्राप्त हुए है।**
(1) घोड़ा पछाड़ नदी (2) परवन नदी
(3) छाजा नदी✓ (4) कालीसिंध नदी

**7. निम्न में से लौहयुगीन सभ्यता स्थल नहीं है-**
(1) सुनारी सभ्यता (2) ईसवाल सभ्यता
(3) गणेश्वर✓ (4) नलियासर सभ्यता

**8. तिपटिया सभ्यता का सम्बन्ध किस जिले से है।**
(1) बूंदी (2) बारां✓
(3) झालावाड़ (4) कोटा

**9. बीजक की पहाड़ी, भीमजी की डूँगरी एवं महादेव जी की डूँगरी किस जिले में अवस्थित हैं?**
(1) कोटपूतली-बहरोड़✓ (2) नीम का थाना
(3) खैरथल-तिजारा (4) डीग

**10. असंगत युग्म है-**

| प्राचीन क्षेत्र | | राजधानी |
|---|---|---|
| (1) जांगल प्रदेश | - | अहिच्छत्रपुर |
| (2) शिवि | - | माध्यमिका (नगरी) |
| (3) गुर्जरात्रा | - | मण्डौर✓ |
| (4) मत्स्य क्षेत्र | - | विराट नगर |

**11. गुप्तकालीन स्वर्ण सिक्कों का सबसे बड़ा भण्डार किस स्थान से प्राप्त हुआ है?**
(1) नलियासर (2) बयाना✓
(3) अलवर (4) टोंक

**12. राजस्थान में अंतिम ज्ञात मौर्य शासक राजा धवल नाम का उल्लेख किस स्त्रोत से प्राप्त हुआ है-**
(1) मानमोरी शिलालेख (2) कणसवा शिलालेख✓
(3) प्रयाग प्रशस्ति (4) जूनागढ़ अभिलेख

**13. किस अभिलेख के माध्यम से मारवाड़ की राजनीतिक स्थिति की जानकारी मिलती है-**
(1) सच्चियाय माता अभिलेख✓ (2) चीरवा अभिलेख
(3) बड़वा यूप अभिलेख (4) प्रतापगढ़ अभिलेख

**14. किस शिलालेख में अनुदान की जाने वाली भूमि को डोहली, ग्राम समूह की बड़ी इकाई को प्रतिगण तथा प्रतिगणों के अधिकारियों को महतम एवं पारिग्राही आदि नामों से जाना जाता है।**
(1) श्रृंगी ऋषि का शिलालेख
(2) समिद्धेश्वर मंदिर का शिलालेख
(3) आमेर का लेख
(4) बिजौलिया शिलालेख✓

**15. असंगत युग्म है-**

| सिक्का | | सम्बधित रियासत |
|---|---|---|
| (1) डोडिया | - | जैसलमेर |
| (2) त्रिशूलिया | - | कोटा✓ |
| (3) विजयशाही | - | जोधपुर |
| (4) माणकशाही | - | करौली |

**16. प्रतिहार वंश के शासको की राजनैतिक उपलब्धियां तथा उनकी वंशावली ज्ञात करने का मुख्य स्रोत है।**
(1) अपराजित का शिलालेख (2) ग्वालियर प्रशस्ति✓
(3) भ्रमर माता का लेख (4) बड़ली शिलालेख

**17. सामोली शिलालेख का सम्बन्ध किस राजवंश से है-**
(1) मेवाड़ राजवंश✓ (2) आमेर राजवंश
(3) मारवाड़ राजवंश (4) जैसलमेर राजवंश

**18. निम्न में से किस ताम्रपत्र के माध्यम से उदयपुर बसाने की जानकारी प्राप्त होती है।**
(1) चीकली ताम्र पत्र (2) पुर का ताम्रपत्र
(3) बेडवास का ताम्रपत्र✓ (4) लावा गांव का ताम्रपत्र

**19. निम्न में से किस प्रशस्ति से अग्निकुण्ड से पुरूष उत्पन होने का उल्लेख मिलता है-**

(1) रणकपुर प्रशस्ति (2) अचलेश्वर प्रशस्ति ✓
(3) रायसिंह प्रशस्ति (4) कीर्ति स्तम्भ प्रशस्ति

**20. राजस्थान का वह अंतिम शासक जिसके नेतृत्व में भारत से विदेशी आक्रांताओं को बाहर खदेड़ने हेतु सभी राजपूत शासक एवं सरदार सम्मिलित रूप से युद्ध में इकट्ठे हुए ?**

(1) महाराणा प्रताप (2) राव मालदेव
(3) राणा सांगा ✓ (4) सवाई जयसिंह

**21. हुरड़ा सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की थी।**

(1) महाराणा जगत सिंह द्वितीय ✓
(2) महाराणा संग्राम सिंह द्वितीय
(3) महाराणा अमर सिंह द्वितीय
(4) सवाई जयसिंह द्वितीय (जयपुर)

**22. विग्रह राज चतुर्थ को कवि बान्धव किसने कहा था ?**

(1) चन्द बरदाई (2) जयानक भट्ट ✓
(3) श्यामल दास (4) विद्यापति गौड़

**23. महाराजा रतनसिंह को ''माही मरातिब'' की उपाधि किसने प्रदान की-**

(1) अकबर द्वितीय ✓ (2) शाहजहाँ
(3) जहाँगीर (4) औरंगजेब

**24. अंग्रेजो से संधि करते समय निम्न में से किस रियासत को अंग्रेजो द्वारा खिराज मुक्त नहीं रखा गया था।**

(1) बीकानेर (2) किशनगढ़
(3) जैसलमेर (4) बूंदी ✓

**25. ''जरायम पेशा कानून'' में राजस्थान की किस जनजाति को शामिल किया गया था।**

(1) गरासिया (2) सहरिया
(3) मीणा ✓ (4) डामोर

**26. मेवाड़ की पुकार नाम से 21 सूत्री मांग-पत्र मेवाड़ महाराणा के समक्ष किसने प्रस्तुत किया था।**

(1) गोविन्द गिरी (2) मोतीलाल तेजावत ✓
(3) विजय सिंह पथिक (4) माणिक्यलाल वर्मा

**27. नीमूचाणा किसान आंदोलन के दौरान नीमूचाणा गांव में महिलाओं का नेतृत्व किसने किया था।**

(1) किशोरी देवी (2) सीता देवी ✓
(3) अंजनादेवी चौधरी (4) रमादेवी

**28. निम्न में से किस शासक या सामन्त ने क्रांतिकारियों का सहयोग किया था।**

(1) बीकानेर शासक सरदार सिंह
(2) उदयपुर शासक स्वरूप सिंह
(3) देवगढ़ सामन्त द्वारिकादास चूंडावत
(4) कोठारिया सामन्त जोधसिंह ✓

**29. 1857 की क्रांति के दौरान कोटा रियासत में अंग्रेजों की मदद करने वाले शासक किस रियासत के थे ।**

(1) करौली ✓ (2) भरतपुर
(3) धौलपुर (4) बीकानेर

**30. निम्न में से बिजौलिया किसान आंदोलन से सम्बन्धित नहीं है।**

(1) ठाकरी पटेल (2) फतेहकरण चारण
(3) ब्रहमदेव (4) हनुमान सिंह आर्य ✓

**31. राठौड़ शासक जो 52 युद्धों का नायक और 58 परगनों के विजेता के रूप में जाना जाता है-**

(1) राव मालदेव ✓ (2) राव चन्द्रसेन
(3) राव जोधा (4) राव सीहा

**32. किसकी मृत्यु पर औरंगजेब ने कहा था कि -आज कुफ्र का दरवाजा टूट गया हैं।**

(1) पृथ्वीसिंह (2) अजीतसिंह
(3) जसवंतसिंह प्रथम ✓ (4) जसवंतसिंह द्वितीय

**33. राठौड़ो का यूलिसैस'' किसे कहा जाता हैं-**

(1) अजीतसिंह (2) दुर्गादास राठौड़ ✓
(3) लूणकरण (4) राव मालदेव

**34. अकबर ने नागौर यात्रा ( 1570 ) के पश्चात् जोधपुर दुर्ग किसको सौंपा-**

(1) मारवाड़ शासक उदयसिंह (2) बीकानेर शासक रायसिंह ✓
(3) नागौर शासक इन्द्रसिंह (4) बून्दी के राव सुर्जन

**35. मारवाड़ के किस राजा ने मल्लिनाथ पशु मेले की शुरूआत करवाई ?**

(1) महाराजा अजीतसिंह ✓ (2) महाराजा उदयसिंह
(3) महाराजा जसवंतसिंह (4) महाराजा सुमेरसिंह

**36. 'आधुनिक मारवाड़ का निर्माता' एवं 'मारवाड़ का शाहजहाँ' किसे कहते है ?**

(1) महाराजा उम्मेदसिंह ✓ (2) अभयसिंह
(3) महाराजा जसवन्त सिंह द्वितीय (4) सरप्रताप

**37. जहाँगीर ने ''दलथम्भन की उपाधि किसे प्रदान की-**

(1) राव गजसिंह ✓ (2) राव सूरसिंह
(3) महाराजा जसवंतसिंह (4) महाराजा अजीतसिंह

**38. मारवाड़ में किस महाराजा ने नाथों को सर्वाधिक आश्रय दिया ?**

(1) महाराजा विजयसिंह (2) महाराजा भींवसिंह
(3) महाराजा मानसिंह ✓ (4) महाराजा जसवंतसिंह

**39. अमरसिंह राठौड़ ने आगरा दरबार में शाहजहाँ के किस सेनापति की हत्या की थी ?**

(1) सलावत खाँ ✓ (2) कलावत खाँ
(3) खवास खाँ (4) जलाल खाँ

**40. मारवाड़ के किस राजा ने सर्वप्रथम अकबर की अधीनता स्वीकार की ?**

(1) राव मालदेव (2) मोटा राजा उदयसिंह ✓
(3) राव चन्द्रसेन (4) अमरसिंह राठौड़

**41. प्रजामण्डल आंदोलन के दौरान गिरफ्तार होने वाले प्रथम सत्याग्रही है।**

(1) भूरेलाल बयां (2) रमेशचन्द्र व्यास ✓
(3) माणिक्यलाल वर्मा (4) हरिभाऊ उपाध्याय

**42. निम्न में से कौन आजाद मोर्चा के सदस्य नहीं थे।**

(1) बाबा हरिश्चन्द्र (2) मिर्जा इस्माइल ✓
(3) रामकरण जोशी (4) दौलतमल भण्डारी

**43. श्रीमती गौरजा व्यास, श्रीमती महिमा देवी किंकर एवं नैनी बाई व्यास नाम से सत्याग्रही महिलाएं किस प्रजामण्डल से सम्बन्धित है।**

(1) बीकानेर (2) मारवाड़ ✓
(3) कोटा (4) मेवाड़

**44. 19 जुलाई 1948 ई. लावा ठिकाने को केन्द्रीय सरकार के आदेश से किस रियासत में शामिल किया गया था।**

(1) अलवर (2) भरतपुर
(3) जयपुर ✓ (4) जोधपुर

**45. एकीकरण के दौरान विलय पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए किस शासक ने कहा था कि मैं अपने डेथ वांरट पर हस्ताक्षर कर रहा हूं।**

(1) महारावल चन्द्रवीर सिंह ✓ (2) महारावल जवाहर सिंह
(3) महाराजा हनुवन्त सिंह (4) महाराजा सार्दुल सिंह

**46. निम्नलिखित में से कौन 1953 में गठित राज्य पुनर्गठन आयोग के सदस्य नहीं थे।**

(1) के. एम. पणिक्कर (2) फजल अली
(3) हृद्रयनाथ कुंजरू (4) प्रेमनारायण माथुर ✓

**47. जयपुर में मीनाकारी की कला मानसिंह द्वारा कहां से लाई गई है ?**

(1) लाहौर ✓ (2) ब्लूचिस्तान
(3) उज्बेकिस्तान (4) ईरान

**48. मुंशी देवी प्रसाद ने किस शासक को ''राजपूताने का कर्ण'' कहा है।**

(1) रायसिंह ✓ (2) मालदेव
(3) राव जैतसी (4) लूणकरण

**49. निम्न में से कौनसी एक रियासत या ठिकाणें पर राठौड़ वंश का शासन नहीं था।**

(1) जैसलमेर ✓ (2) बीकानेर
(3) जोधपुर (4) किशनगढ़

**50. किस शासक को मारवाड़ का भूला-बिसरा नायक कहते है।**

(1) दुर्गादास राठौड़ ✓ (2) राव चन्द्रसेन
(3) राव मालदेव (4) अजीत सिंह

**51. मुहणोत नैणसी किसके दरबारी कवि थे-**

(1) राव जोधा (2) राव चन्द्रसेन
(3) राव मालदेव (4) जसवंत सिंह प्रथम ✓

**52. नरेन्द्र मण्डल के प्रथम चांसलर कौन बने थे-**

(1) जयसिंह (अलवर) (2) गंगासिंह (बीकानेर) ✓
(3) उदयभान सिंह (धौलपुर) (4) रायसिंह (बीकानेर)

**53. आयौ अंग्रेज मुलक रे ऊपर किसकी रचना है-**

(1) ईसरदास (2) बांकीदास ✓
(3) शंकरदान सामौर (4) उमरदान कविया

**54. किशनगढ़ के किस शासक का राज्याभिषेक दिल्ली में मुगल दरबार में हुआ था ?**

(1) महाराजा रूप सिंह (2) महाराजा सावंत सिंह ✓
(3) महाराजा राजसिंह (4) महाराजा सरदार सिंह

**55. कौनसा राजपूत वंश अग्निकुण्ड से उत्पन्न नहीं हुआ ?**

(1) प्रतिहार (2) परमार
(3) चौहान (4) यादव ✓

**56. मेवाड़ में सबसे पहले नौकरशाही का गठन किसने किया ?**

(1) बप्पा रावल ने (2) गुहिल ने
(3) शक्ति कुमार ने (4) अल्लट ने ✓

**57. आहड़ को मेवाड़ की दूसरी राजधानी किसने बनाई थी ?**

(1) बप्पारावल ने (2) गुहिल ने
(3) अल्लट ने ✓ (4) शक्ति कुमार ने

**58. जो दृढ राखे धर्म को, तहिं राखै करतार'' राज्य चिन्ह में अंकित शब्द किस राज्य से संबंधित हैं ?**

(1) उदयपुर ✓ (2) जोधपुर
(3) जयपुर (4) जैसलमेर

**59. किस युद्ध से पूर्व राणा सांगा द्वारा पाती परवन की परम्परा अपनाई गई थी।**

(1) बयाना युद्ध (2) खानवा युद्ध ✓
(3) दिवेर युद्ध (4) हल्दीघाटी युद्ध

**60. चितौड़ दुर्ग के भैरवपोल व हनुमानपोल के बीच किसकी छतरियां स्थित है।**

(1) बाघसिंह व भैरूसिंह सोलंकी (2) कल्ला राठौड़ व जयमल मेड़तिया ✓
(3) गोरा-बादल (4) पृथ्वीराज

**61. किस विजय के उपलक्ष में सरगासूली का निर्माण करवाया गया था।**

(1) बगरू का युद्ध (2) राजमहल का युद्ध ✓
(3) तूंगा का युद्ध (4) पाटन का युद्ध

**62. निम्न में से सागरमल गोपा की पुस्तक नहीं है-**

(1) आजादी के दीवानें (2) जैसलमेर का गुण्डाराज
(3) स्वतंत्र बावनी ✓ (4) रघुनाथसिंह का मुकदमा

**63. किस समिति/आयोग की सिफारिश पर आबू-देलवाड़ा को राजस्थान में मिलाया गया।**

(1) सत्यनारायण राव समिति (2) फजल अली आयोग ✓
(3) बी.आर. पटेल समिति (4) चौपड़ा आयोग

**64. सम्प सभा की स्थापना कब की गई।**

(1) 1883 ✓ (2) 1891
(3) 1903 (4) 1908

**65. निम्न में से किस रियासत ने देबारी समझौता में भाग नहीं लिया था।**

(1) आमेर (2) बीकानेर ✓
(3) मारवाड़ (4) मेवाड़

**66. सवाई जयसिंह द्वारा करवाए गए अश्वमेघ यज्ञ का पुरोहित कौन था।**

(1) पुण्डरीक रत्नाकार ✓ (2) पुण्डरीक विट्ठल
(3) विद्याधर भट्टाचार्य (4) दीपसिंह कुंभाणी

**67. मेवाड़ का उद्धारक किसे कहा जाता है ?**

(1) राणा कुम्भा (2) राणा हम्मीर ✓
(3) महाराण प्रताप (4) राणा लाखा

**68. किसके शासन काल में परमार मुंज ने आहड़ पर आक्रमण किया था।**

(1) नरवाहन (2) अल्लट
(3) शक्तिकुमार ✓ (4) राणा लाखा

**69. कर्नल जेम्स टॉड ने किस युद्ध को मेवाड़ का मैराथन कहा है।**

(1) हल्दीघाटी का युद्ध (2) कुम्भलगढ़ का युद्ध
(3) दिवेर का युद्ध ✓ (4) दताणी की युद्ध

**70. चित्तौड़ के दूसरे साके के दौरान आक्रमण किसने किया था ?**

(1) अल्लाउद्दीन खिलजी (2) बहादुर शाह ✓
(3) अकबर (4) औरंगजेब

**71. घौसुण्डी बावड़ी का निर्माण किसने करवाया था ?**

(1) रामरसदे (2) रामकुवंरी
(3) श्रृंगारदेवी ✓ (4) प्रेमलदे

**72. किस विजय के उपलक्ष में राणा कुंभा ने विजय स्तम्भ का निर्माण करवाया।**

(1) सारंगपुर विजय ✓ (2) नागौर विजय
(3) कुंभलगढ़ विजय (4) सिंगोली विजय

**73. निम्न में कौन-सी रचना महाराणा कुम्भा द्वारा रचित नहीं है ?**

(1) संगीत राज (2) संगीत मींमासा
(3) एकलिंग महात्मय ✓ (4) सूड प्रबन्ध

**74. किस शासक द्वारा जयपुर को गुलाबी रंग से पुतवाया गया था।**

(1) सवाई जयसिंह (2) सवाई रामसिंह द्वितीय ✓
(3) सवाई ईश्वरी सिंह (4) सवाई माधोसिंह द्वितीय

**75. विग्रहराज चतुर्थ की साहित्यिक रचना हरिकेली है।**

(1) कविता संग्रह (2) कहानी संग्रह
(3) नाटक ✓ (4) धार्मिक ग्रंथ

**76. ट्रेंच कमीशन का सम्बन्ध किस आंदोलन से है।**

(1) बिजौलिया किसान आंदोलन (2) बेंगू किसान आदोलन ✓
(3) नीमूचाणा किसान आंदोलन (4) बरड़ किसान आंदोलन

**77. भगत आंदोलन किसके द्वारा प्रारंभ किया गया था।**

(1) भोगीलाल पांडया (2) गुरू गोविन्दगिरी ✓
(3) माणिक्य लाल वर्मा (4) मोतीलाल तेजावत

**78. राजस्थान संघ का 25 मार्च, 1948 को उद्घाटन कहाँ किया गया-**

(1) बाँसवाड़ा (2) डूँगरपुर
(3) बूंदी (4) कोटा ✓

**79. किस स्वतंत्रता सेनानी ने 'महिला शिक्षा सदन'' की स्थापना की थी-**

(1) जयनारायण व्यास (2) टीकाराम पालीवाल
(3) भोगी लाल पांडया (4) हरिभाऊ उपाध्याय ✓

**80. महाराणा प्रताप ने चावण्ड को राजधानी कब बनाई थी।**

(1) 1576 (2) 1578

(3) 1582 (4) 1585 ✓

**81. रणथम्भौर में चौहान वंश की स्थापना किसने की थी ?**

(1) अजयराज (2) गोविन्दराज ✓

(3) पृथ्वीराज तृतीय (4) चन्दनराज

**82. सोम व सातल नामक यौद्धा का सम्बन्ध किससे है ?**

(1) सिवाणा का प्रथम साका ✓ (2) जालौर का प्रथम साका

(3) सिवाणा का द्वितीय साका (4) रणथम्भौर का प्रथम साका

**83. जहांगीर ने किस शासक को रामराजा एवं सर बुलंदराय की उपाधि दी थी।**

(1) राव सुर्जनसिंह हाड़ा (2) राव रतन सिंह हाड़ा ✓

(3) राव शत्रुसाल हाड़ा (4) दलेल सिंह

**84. अबली मीणी के महल का निर्माण किसने करवाया था ?**

(1) महाराव किशोर सिंह (2) माधोसिंह

(3) महाराव मुकुंदसिंह ✓ (4) महाराव रामसिंह

**85. ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ संधि करने वाला राजपूताने का अंतिम राज्य कौनसा था ?**

(1) बूंदी (2) कोटा

(3) सिरोही ✓ (4) झालावाड़

**86. बूंदी में मराठों को किसने आमंत्रित किया –**

(1) रानी सलहंकवर ने (2) रानी प्रेमलदेवी ने

(3) रानी आंनदकुंवरी ने ✓ (4) रानी चारूलता ने

**87. निम्न में से किस रियासत में चौहान वंश का शासन नहीं था ?**

(1) कोटा (2) सिरोही

(3) बांसवाड़ा ✓ (4) जालौर

**88. 8वीं शताब्दी में उद्योतन सूरी द्वारा रचित किस पुस्तक में मरूभाषा का उल्लेख है।**

(1) कर्पूर मंजरी (2) कुवलय माला ✓

(3) आइन-ए-अकबरी (4) राजतरंगिणी

**89. महाराणा प्रताप की मृत्यु के पश्चात् निम्न में से कौन मेवाड़ का शासक बना था ?**

(1) अमरसिंह ✓ (2) कर्णसिंह

(3) जगतसिंह (4) राजसिंह

**90. मेवाड़ के किस महाराणा ने अजमेर दरगाह के लिए चार गांव अनुदान में दिये थे ?**

(1) महाराणा संग्रामसिंह

(2) महाराणा जगतसिंह द्वितीय ✓

(3) महाराणा फतेहसिंह

(4) महाराणा अमरसिंह द्वितीय

**91. महाराणा राज सिंह ने मारवाड़ के किस शासक को मुगलों के विरूद्ध आश्रय दिया ?**

(1) जसवन्त सिंह (2) अजीत सिंह ✓

(3) अनूप सिंह (4) अभय सिंह

**92. मेवाड़ की किस राजकुमारी को अमीर खान पिण्डारी की सलाह पर जहर दिया गया था ?**

(1) प्रेमल देवी (2) सलह कंवर

(3) कृष्णा कुमारी ✓ (4) गुमान कंवर

**93. 'इजलास खास/महाइन्द्राज सभा की स्थापना किसने की थी-**

(1) महाराजा शंभू सिंह (2) महाराणा फतेहसिंह

(3) महाराणा सज्जन सिंह ✓ (4) महाराणा स्वरूप सिंह

**94. मेवाड़ के किस शासक ने सिक्कों पर ''दोस्ती लंदन'' लिखवाया था ?**

(1) महाराणा स्वरूप सिंह ✓ (2) महाराणा भूपाल सिंह

(3) महाराणा राजसिंह (4) महाराणा शंभू सिंह

**95. वीर विनोद के रचियता श्यामलदास को कविराज की उपाधि किसने प्रदान की।**

(1) महाराणा फतह सिंह (2) महाराणा सज्जन सिंह ✓

(3) महाराणा भीमसिंह (4) महाराणा स्वरूप सिंह

**96. नरपति नाल्ह द्वारा गौडवाड़ी भाषा में रचित बीसलदेव रासौ कितने खण्डों में विभक्त है।**

(1) दो (2) चार ✓

(3) आठ (4) बारह

**97. असंगत युग्म है-**

| व्यक्तित्व | सम्बन्धित मुकदमा/पडयंत्र |
|---|---|
| (1) स्वामी गोपालदास | - बीकानेर षडयंत्र |
| (2) प्रताप सिंह बारहठ | - हॉर्डिंग बम काण्ड |
| (3) केसरी सिंह बारहठ | - महंत प्यारे लाल हत्याकाण्ड |
| (4) जोरावर सिंह बारहठ | - मेरठ षडयंत्र ✓ |

**98. असंगत युग्म है।**

| प्रजामण्डलों में विभिन्न दिवस | | सम्बन्धित प्रजामण्डल |
|---|---|---|
| (1) राजबहादुर दिवस | - | भरतपुर |
| (2) मोतीलाल दिवस | - | जयपुर |
| (3) बीरबल दिवस | - | बीकानेर |
| (4) इण्डोनेशिया दिवस | - | जोधपुर ✓ |

**99. असंगत युग्म है-**

| संस्था | | स्थापना वर्ष |
|---|---|---|
| (1) देश हितैषणी सभा | - | 1877 |
| (2) वीर भारत सभा | - | 1910 |
| (3) राजस्थान सेवा संघ | - | 1925 ✓ |
| (4) राजपूताना मध्य भारत सभा | - | 1918 |

**100. किस अभिलेख में बप्पा रावल को सुर्य के समान तेजस्वी बताया गया है।**

(1) आबू अभिलेख (2) घोसुण्डी अभिलेख

(3) राज प्रशस्ति (4) अघाटपुर अभिलेख ✓

**101. सर्वाधिक समय तक एक ही प्रदेश पर राज्य करने वाला संसार का एकमात्र राजवशं कौनसा है ?**

(1) उदयपुर का गुहिल वंश ✓ (2) मारवाड़ का राठोड़ राजवंश

(3) अजमेर का चौहान राजवंश (4) दिल्ली का मुगल वंश

**102. चित्तौड़ में समिद्धेश्वर मंदिर का निर्माण किसने करवाया ?**

(1) परमार राजा मुंज (2) प्रतिहार राजा सिद्धराज

(3) परमार राजा भोज ✓ (4) राणा राहप

**103. सामान्य व्यक्तियों के घरों, कुओं, बावड़ियों, तालाब, राजमहल आदि के निर्माण विषयक जानकारी किस ग्रन्थ में मिलती है ?**

(1) प्रसाद मण्डन (2) वास्तुसार मण्डन ✓

(3) रूप मण्डन (4) राजवल्लभ मण्डन

**104. निम्न में से किसे 'मेवाड़ का भीष्म पितामह' कहा जाता है।**

(1) बप्पा रावल (2) राव चूँडा ✓

(3) राणा कुम्भा (4) राणा मोकल

**105. प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. दशरथ शर्मा मेवाड़ के किस महाराणा के शासनकाल को 'मध्यकालीन मेवाड़ के इतिहास का स्वर्णकाल' मानते है ?**

(1) रावल रतनसिंह (2) रावल समरसिंह

(3) रावल जैत्रसिंह ✓ (4) महाराणा लाखा

**106. मेवाड़ का प्रथम चित्रित ग्रंथ 'श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र चूर्णि' किसके समय चित्रित किया गया था।**

(1) तेजसिंह ✓ (2) जैत्रसिंह

(3) महाराणा कुंभा (4) रावल रतनसिंह

107. औरंगजेब ने तीन हजारी जात 2 हजार मनसब, झण्डा तथा बून्दी की जागीर देकर किस शासक को सम्मानित किया था।
(1) राव शत्रुशाल हाड़ा (2) राव सुर्जन हाड़ा
(3) राव भावसिंह हाड़ा ✓ (4) राव सुरतान

108. 'राजरूपक' पुस्तक के लेखक हैं-
(1) करणीदान (2) वीरभाण ✓
(3) श्यामलदास (4) पद्‌मनाभ

109. कालीबाई जिसने डूंगरपुर पुलिस के हाथों अपने अध्यापक को बचाने में अपनी जिन्दगी दे दी, वह कहाँ की रहने वाली थी ?
(1) सागवाड़ा (2) डूंगरपुर
(3) उदयपुर (4) रास्तापाल ✓

110. चूरू के धर्म स्तूप पर तिरंगा किसने फहराया था ?
(1) छगनराज चौपासनी वाला (2) मघाराम वैद्य
(3) चंदनमल बहड़ ✓ (4) हनुमान प्रसाद पौदार

111. दूधवा, खारा किसान आन्दोलन का नेतृत्व किसने किया ?
(1) हनुमानसिंह आर्य तथा मघाराम वैद्य ✓
(2) लक्ष्मीदेवी आचार्य एवं चन्दनमल बहड़
(3) विजय सिंह पथिक
(4) रामनारायण चौधरी

112. ठाकुर पंचम सिंह एवं छतर सिंह किस हत्याकाण्ड में शहीद हुए थे ?
(1) तसीमों हत्याकाण्ड ✓ (2) डाबड़ा हत्याकाण्ड
(3) डाबी हत्याकाण्ड (4) नीमड़ा हत्याकाण्ड

113. रामचन्द्र तथा हीरालाल ने 1857 की क्रांति के दौरान कहां पर नेतृत्व किया था।
(1) भरतपुर (2) अलवर
(3) धौलपुर ✓ (4) प्रतापगढ़

114. खाण्डलाई आश्रम की स्थापना किसने की थी ?
(1) माणिक्यलाल वर्मा ✓ (2) मोतीलाल तेजावत
(3) गोविन्द गुरू (4) संत मावजी

115. मेवाड़ भील कोर की स्थापना कब की गई थी ?
(1) 1835 ई. (2) 1841 ई. ✓
(3) 1845 ई. (4) 1849 ई.

116. किसके हस्तक्षेप से मोतीलाल तेजावत को महाइन्द्राज सभा ने रिहा किया था ?
(1) माणिक्यलाल वर्मा (2) मणिलाल कोठारी ✓
(3) ईश्वरलाल नागर (4) भूरेलाल बयां

117. ''मीन पुराण' नामक पुस्तक के लेखक हैं -
(1) बंशीधर शर्मा (2) संत मगन सागर ✓
(3) मोतीलाल तेजावत (4) गोविन्द गुरू

118. अलवर रियासत में किस राजवंश का शासन था।
(1) यादव (2) कच्छवाहा ✓
(3) जाट (4) चौहान

119. खानवा के युद्ध के दौरान सादड़ी के किस शासक ने भाग लिया था।
(1) झाला बीदा (2) अखैराज देवड़ा
(3) झाला अज्जा ✓ (4) नारायणदास

120. सहेलियों की बाड़ी का निर्माण किसने करवाया था।
(1) महाराणा अमरसिंह द्वितीय (2) महाराणा संग्राम सिंह द्वितीय ✓
(3) महाराणा जगत सिंह द्वितीय (4) महाराणा स्वरूप सिंह

121. जहांगीर ने मेवाड़ के किस शासक को 5000 का मनसब प्रदान किया था।
(1) कर्ण सिंह ✓ (2) महाराणा प्रताप
(3) अमर सिंह द्वितीय (4) महाराणा राजसिंह

122. निम्न युद्धों में से किस युद्ध का संबंध सवाई जयसिंह से नहीं है।
(1) पीलसुद का युद्ध (2) बगरू का युद्ध ✓
(3) मंदसौर का युद्ध (4) गगवाना का युद्ध

123. मुहम्मदशाह रंगीला ने किस शासक को राजराजेश्वर की उपाधि दी थी।
(1) सवाई जयसिंह ✓ (2) सवाई ईश्वरी सिंह
(3) विजय सिंह (मारवाड़) (4) सवाई प्रताप सिंह

124. सवाई प्रताप सिंह के काव्य गुरू कौन थे ?
(1) उस्ताद चांद खां (2) गणपत भारती ✓
(3) देवर्षि ब्रजपाल भट्ट (4) पुण्डरिक विट्ठल

125. जयपुर में दीवानी तथा फौजदारी न्यायालय की स्थापना किस शासक के समय हुई थी।
(1) सवाई मानसिंह द्वितीय (2) सवाई रामसिंह द्वितीय ✓
(3) सवाई जयसिंह (4) सवाई प्रताप सिंह

126. ''खूड़ी किसान आंदोलन'' कहां पर हुआ था -
(1) सीकर ✓ (2) कोटा
(3) डूंगरपुर (4) झालावाड़

127. गांधीजी ने किस हत्याकांड को जलियांवाला बाग हत्याकांड से भी वीभत्स बताया -
(1) खुड़ी गांव नरसंहार (2) नीमूचणा हत्याकांड ✓
(3) बरड़ हत्याकांड (4) डाबड़ा हत्याकांड

128. भरतपुर के वह शासक जिन्होंने दिल्ली विजय के पश्चात वहां से अष्टधातु निर्मित दरवाजा विजित कर भरतपुर के लोहागढ़ किले के प्रवेशद्वार पर लगवाया था।
(1) महाराजा सूरजमल (2) महाराजा जवाहर सिंह ✓
(3) महाराजा रणजीत सिंह (4) बदन सिंह

129. तांबे की तलवारे एवं हारफून के अवशेष किस सभ्यता से प्राप्त हुए है-
(1) श्रीपंथ सभ्यता (2) दर सभ्यता
(3) मलाह सभ्यता ✓ (4) नोह सभ्यता

130. आधुनिक जैसलमेर का निर्माता किसे कहा जाता है-
(1) महारावल सालिम सिंह (2) महारावल जवाहर सिंह ✓
(3) महारावल सरदार सिंह (4) महारावल हरराज सिंह

131. ढ़ौलामारू री चौपाई के रचियता कुशललाभ किसके दरबारी कवि थे ?
(1) राव हरराज ✓ (2) महारावल मूलराज द्वितीय
(3) महारावल बैरीसाल सिंह (4) महारावल रणजीत सिंह

132. कालीबंगा सभ्यता का उत्खनन कितने स्तरों तक किया गया था।
(1) दो (2) तीन
(3) चार (4) पांच ✓

133. निम्न में कौनसे उत्खननकर्ता बैराठ सभ्यता से सम्बन्धित नहीं है।
(1) दयाराम साहनी (2) एम.डी. खरे ✓
(3) नीलरत्न बनर्जी (4) कैलाश नाथ दीक्षित

134. मुगल बादशाह बहादुरशाह प्रथम ने किसे ''महारावराणा'' की उपाधि दी थी।
(1) रतन सिंह हाड़ा (2) बुद्ध सिंह हाड़ा ✓
(3) विष्णु सिंह हाड़ा (4) शत्रुशाल हाड़ा

135. अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद के 1948 में जयपुर में हुए अंतिम अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे।
(1) सरदार वल्लभ भाई पटेल (2) सुभाषचन्द्र बोस
(3) पट्टाभि सीता रमैया ✓ (4) जवाहर लाल नेहरू

136. निम्न में से किस भू-भाग को एकीकरण के अंतिम चरण में राजस्थान में नहीं मिलाया गया था।
(1) अजमेर-मेरवाड़ा (2) आबू-देलवाड़ा
(3) सिरोंज क्षेत्र ✓ (4) सुन्नेल टप्पा

137. निम्नलिखित में से कौन बिजौलिया किसान आंदोलन से सम्बन्धित नहीं है।
(1) साधु सीताराम दास (2) ब्रह्मदेव
(3) फतहकरण चारण (4) मकबूल आलम ✓

138. निम्न में से किस समाचार-पत्र ने बिजौलिया एवं बेंगू किसान आंदोलन तथा मोतीलाल तेजावत के नेतृत्व में चल रहे जनजाति आंदोलन का समर्थन किया था।
(1) आर्य मार्तण्ड (2) नवीन राजस्थान ✓
(3) सर्वहित (4) यंग राजस्थान

139. ''सिंहसुवन सत्पुरुष वचन कदली फलै इक बार,
तिरिया तेल हम्मीर हठ चढ़ै न दूजी बार।''
उक्त दोहे का उल्लेख किस पुस्तक में है ?
(1) हम्मीर हठ (2) हम्मीर महाकाव्य ✓
(3) हम्मीर मदमर्दन (4) हम्मीर रासो

140. निम्न में महाराणा कुम्भा से सम्बन्धित उपाधि नहीं है ?
(1) छापगुरू (2) हिन्दु सुरताण
(3) विषम घाटी पंचानन ✓ (4) नरपति

141. अलाउद्दीन खिलजी ने जालौर जीतने के पश्चात नाम रखा था।
(1) खैराबाद (2) जलालाबाद ✓
(3) खिज्राबाद (4) मुहम्मदाबाद

142. कोटा में भीमविलास, भीमगढ़ का किला, ब्रजनाथजी एवं आशापुरा जी के मंदिर का निर्माण किसने करवाया था।
(1) महाराव भीमसिंह प्रथम ✓
(2) महाराव भीमसिंह द्वितीय
(3) राव रामसिंह प्रथम
(4) किशोर सिंह

143. जैसलमेर के कौनसे शासक सिंधु नदी का पानी जैसलमेर लाए थे ?
(1) जवाहर सिंह भाटी (2) अमरसिंह भाटी ✓
(3) हरराय भाटी (4) लूणकरण भाटी

144. सवाई जयसिंह ने किस ज्योतिष ग्रंथ की रचना की थी।
(1) जीज मोहम्मद शाही (2) ब्रजनिधि ग्रंथावली
(3) जयसिंह कारिका ✓ (4) राधा गोविन्द संगीत कार

145. अष्टाध्यायी के रचयिता पाणिनी ने किस जिलों का उल्लेख किया है।
(1) जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर
(2) बीकानेर, चुरू, श्रीगंगानगर ✓
(3) हनुमानगढ़, सीकर, झुंझुंनू
(4) नागौर, अजमेर, पाली

146. निम्न में किस स्थान पर चावड़ा वंश का शासन था ?
(1) भीनमाल ✓ (2) बैराठ
(3) मंडोर (4) मेड़ता

147. चूण्डावत एवं शक्तावत के मध्य हरावल दस्ते के लिए संघर्ष किस दुर्ग में हुआ था।
(1) ऊंटाला दुर्ग ✓ (2) भैंसरोड़गढ़ दुर्ग
(3) कुंभलगढ़ दुर्ग (4) बदनौर दुर्ग

148. 1857 की क्रांति के दौरान विद्रोह दबाने के लिए किस रियासत के शासक ने पटियाला से सेना बुलाई थी।
(1) भरतपुर (2) धौलपुर ✓
(3) कोटा (4) बीकानेर

149. दी म्यूटिनीज इन राजस्थान पुस्तक के लेखक है।
(1) कर्नल जेम्स टॉड (2) रूडयार्ड कीपलिंग
(3) प्रिचार्ड ✓ (4) एल.पी. टेस्सीटोरी

150. निम्न में से किस इतिहासकार का संबंध कालीबंगा सभ्यता से नहीं है।
(1) बृजबासी लाल (2) बालकृष्ण थापर
(3) अक्षयकीर्ति व्यास ✓ (4) अमलानन्द घोष

151. पुरातत्व का पुष्कर किसे कहा जाता है ?
(1) कालीबंगा (2) गणेश्वर ✓
(3) आहड़ (4) बैराठ

152. ''भारत में एकमात्र ठाकुर केसरीसिंह बारहठ ऐसे व्यक्ति है जिन्होंने भारत माता की दासता की शृंखलाओं को काटने के लिए अपने समस्त परिवार को स्वतंत्रता के युद्ध में झौंक दिया था'' यह कथन किसने कहा था ?
(1) सुभाषचन्द्र बोस (2) रासबिहारी बोस ✓
(3) महात्मा गांधी (4) सरदार वल्लभ भाई पटेल

153. अमरदास बैरागी साधु के वेश में अपने अंतिम समय तक किस क्रान्तिकारी ने व्यतीत किया था ?
(1) केसरी सिंह बारहठ (2) प्रताप सिंह बारहठ
(3) जोरावर सिंह बारहठ ✓ (4) गोपाल सिंह खरवा

154. 'एनाल्स एण्ड एंटीक्वीटिज ऑफ राजस्थान' के लेखक कौन हैं-
(1) जेम्स टॉड ✓ (2) ग्रियर्सन
(3) मुनि जिन विजय (4) जनार्दन राय नागर

155. राणा सांगा द्वारा लड़े गये युद्धों का सही क्रम बताओ -
(1) खातोली - बाड़ी - बयाना - गागरोण
(2) बाड़ी - खातोली - बयाना - गागरोण
(3) खातोली - बाड़ी - गागरोण - बयाना ✓
(4) बयाना - खातोली - गागरोण - बाड़ी

156. आहड़ की महासतियों में सबसे पहली छतरी किस शासक की हैं -
(1) महाराणा उदयसिंह (2) महाराणा मोकल
(3) महाराणा अमरसिंह ✓ (4) महाराणा प्रताप

157. सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती किसके शासनकाल में राजस्थान आये थे ?
(1) पृथ्वीराज चौहान तृतीय ✓ (2) महाराणा प्रताप
(3) सोमेश्वर चौहान (4) राणा हम्मीर

158. किस विजय के बाद यह कहा गया कि ''कुफ्र का गढ़ इस्लाम का घर हो गया।''
(1) चितौड़ विजय (2) रणथम्भौर विजय ✓
(3) जालौर विजय (4) सिवाणा विजय

159. वह आमेर शासक जो खानवा के युद्ध में सांगा की तरफ से लड़ा था-
(1) पृथ्वीराज ✓ (2) दुलहराय
(3) कोकिलदेव (4) भारमल

160. संगीतज्ञों एवं विद्वानों की मण्डली ''गंधर्व बाइसी'' किसके दरबार की प्रसिद्ध है -
(1) सवाई माधोसिंह प्रथम (2) सवाई प्रतापसिंह ✓
(3) सवाई जयसिंह तृतीय (4) सवाई जगतसिंह द्वितीय

161. मारवाड़ के शासक मालदेव का राज्याभिषेक कहां हुआ था ?
(1) सोजत (पाली) ✓ (2) सिवाणा (बाड़मेर)
(3) फलौदी (जोधपुर) (4) मेहरानगढ़ (जोधपुर)

162. औरंगजेब के पोते बुलंद अख्तर एवं पोती सफियतुनिसा का बाड़मेर में पालन पोषण किसने किया ?
(1) गोरा धाय (2) जसवन्तसिंह
(3) वीर दुर्गादास राठौड़ ✓ (4) उक्त सभी ने

163. धूहड़, जालन, छाड़ा, तीड़ा व सलखा कहां के शासक थे ?
(1) मारवाड़ ✓ (2) मेवाड़
(3) आमेर (4) नागौर

164. ''कर्णभूषण'' ग्रंथ के रचियता कौन थे-
(1) पंडित गंगानंद मैथिल ✓ (2) भावभट्ट
(3) पुण्डरिक विट्ठल (4) तिल्ला भट्ट

165. किस मुगल शासक ने बूंदी का नाम फर्रूखाबाद कर दिया था-
(1) फर्रूखशाह ने (2) फर्रूखसियर ✓
(3) रफीउरदरजात (4) रफीउद्दौला

**166. राजस्थान सेवा संघ के संस्थापक कौन थे -**

(1) विजयसिंह पथिक, रामनारायण चौधरी और हरिभाई किंकर ✓

(2) विजयसिंह पथिक, भूपसिंह और माणिक्यलाल वर्मा

(3) विजयसिंह पथिक, रामनारायण चौधरी और हरिभाऊ उपाध्याय

(4) रामनारायण चौधरी, जयनारायण व्यास और हरिभाऊ उपाध्याय

**167. माणिक्य लाल वर्मा किस संघ के प्रधानमंत्री बने थे-**

(1) वृहत राजस्थान (2) संयुक्त राजस्थान ✓

(3) मत्सय संघ (4) संयुक्त वृहतर राजस्थान

**168. सम्राट अशोक के भाब्रु लघु शिलालेख की खोज की-**

(1) कैप्टन बर्ट ✓ (2) श्री निवासन शास्त्री

(3) सर जॉन मार्शल (4) दयाराम साहनी

**169. आदि वराह की उपाधि जिस राजपूत शासक ने धारण की, वह है ?**

(1) परमार भोज (2) मिहिर भोज ✓

(3) पृथ्वीराज चौहान (4) विग्रहराज चतुर्थ

**170. आवल-बावल की संधि किन रियासतों के बीच हुई -**

(1) मारवाड़-मेवाड़ ✓ (2) मेवाड़-बूंदी

(3) मारवाड़-ढूंढाड़ (4) मारवाड़-हाड़ौती

**171. हुरड़ा सम्मेलन का उद्देश्य था।**

(1) मुगलों का प्रतिरोध (2) अंग्रेजों का प्रतिरोध

(3) अफगानों का प्रतिरोध (4) मराठों का प्रतिरोध ✓

**172. हम्मीरदेव चौहान से संबंधित असंगत स्रोत कौनसा है -**

(1) हम्मीर महाकाव्य - नयनचन्द्र सूरी

(2) हम्मीर रासो - जोधराज

(3) हम्मीर हठ - चन्द्रशेखर

(4) हम्मीरमानमर्दन - सारंगधर ✓

**173. भीनमाल के गुर्जर प्रतिहार शासकों का सही क्रम बताइए -**

(1) नागभट्ट प्रथम, वत्सराज, नागभट्ट द्वितीय, मिहिरभोज ✓

(2) महिपाल प्रथम, नागभट्ट द्वितीय, वत्सराज, मिहिरभोज

(3) वत्सराज, महेन्द्रपाल प्रथम, महिपाल प्रथम, मिहिरभोज

(4) नागभट्ट द्वितीय, नागभट्ट प्रथम, वत्सराज, मिहिरभोज

**174. किस जयपुर नरेश को 1857ई. के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों की सहायता करने के कारण ''सितार ए हिन्द'' की उपाधि प्रदान की गई-**

(1) सवाई जयसिंह द्वितीय (2) सवाई रामसिंह द्वितीय ✓

(3) सवाई मानसिंह (4) जगतसिंह द्वितीय

**175. कोटा राज्य का संस्थापक कौन था -**

(1) उधमसिंह (2) झाला जालिमसिंह

(3) रामसिंह (4) माधोसिंह ✓

**176. बीकानेर के कौनसे शासक वर्साय की शांति सम्मेलन में भाग लेने के लिए पेरिस गए ?**

(1) महाराजा गंगासिंह ✓ (2) महाराजा अनूपसिंह

(3) महाराजा सूरतसिंह (4) महाराजा सरदारसिंह

**177. 1644 ई. में बीकानेर के व नागौर के बीच 'मतीरा की राड़' नामक युद्ध किसके मध्य हुआ ?**

(1) अनूपसिंह व अमरसिंह (2) दलपतसिंह व अमरसिंह

(3) कर्णसिंह व अमरसिंह ✓ (4) इनमें से कोई नहीं

**178. राजस्थान का 'जलियांवाला बाग' के नाम से प्रसिद्ध स्थान 'मानगढ़ धाम' किस जिले में स्थित है ?**

(1) उदयपुर (2) बाँसवाड़ा ✓

(3) बीकानेर (4) जोधपुर

**179. मत्स्य संघ के प्रधानमंत्री कौन बने थे-**

(1) ज्वाला प्रसाद जिज्ञासु (2) उदयभान सिंह

(3) जुगल किशोर चतुर्वेदी (4) श्री शोभाराम कुमावत ✓

**180. किस स्वतंत्रता सेनानी की केन्द्रीय कारागृह जोधपुर में भूख हड़ताल के दौरान तबीयत खराब हो गई और निधन हो गया -**

(1) बृजमोहन लाल शर्मा (2) बाल मुकुन्द बिस्सा ✓

(3) ऋषिदत्त मेहता (4) बेणीप्रसाद शर्मा

**181. राजस्थान एकीकरण के कौनसे चरण में जयपुर व जोधपुर रियासत शामिल की गई-**

(1) पंचम चरण (2) द्वितीय चरण

(3) चतुर्थ चरण ✓ (4) षष्ठम चरण

**182. ललकार समाचार पत्र का प्रकाशन किसके द्वारा किया जाता था -**

(1) रघुवर दयाल गोयल ✓ (2) सुमनेश जोशी

(3) ऋषिदत्ता मेहता (4) गुलाब चंद काला

**183. भीलों को अन्याय और अत्याचार, शोषण व उत्पीड़न से मुक्त करने हेतु संगठित करने के उद्देश्य से श्री मोतीलाल ने उन्हें एकता के सूत्र में आबद्ध किया वह आंदोलन कौनसा था-**

(1) वाराणसी आंदोलन (2) मीणा आंदोलन

(3) भगत आंदोलन (4) एकी आंदोलन ✓

**184. शेखावटी के ग्राम कटराथल में अप्रैल 1934 में किसके नेतृत्व में हजारों जाट महिलाओं ने किसान आंदोलन में भाग लिया-**

(1) नारायणी देवी (2) मानी बाई

(3) सहजो देवी (4) किशोरी देवी ✓

**185. राजस्थान में सर्वप्रथम किस रियासत ने वैलेजली की सहायक संधि को स्वीकार किया -**

(1) करौली (2) भरतपुर ✓

(3) कोटा (4) अलवर

**186. 'सूरसेन जनपद' की राजधानी थी -**

(1) मथुरा ✓ (2) काशी

(3) भोजपुर (4) भरतपुर

**187. ''कीर्ति कौमुदी'' की रचना किसने की-**

(1) सोमेश्वर ✓ (2) राजशेखर

(3) भोज (4) महेशभट्ट

**188. निम्न में से कौनसे राजपूत सरदार खानवा के युद्ध में बाबर के विरूद्ध राणा सांगा के पक्ष में लड़े थे ?**

**(1) राजा भारमल (2) वीरमदेव मेड़तिया**

**(3) राव बीका (4) राव लूणकरण**

**निम्नांकित दिये गये कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए ?**

**कूट :-**

(1) 1, 2 ✓ (2) 2, 3, और 4

(3) 1, 2, और 4 (4) 1, 2, 3, और 4

**189. निम्न में से असंगत बताइये -**

(1) कदम्बदास - पृथ्वीराज चौहान का प्रधानमंत्री

(2) भुवन्नमल - पृथ्वीराज चौहान का सेनापति

(3) नाट्यरम्भा - पृथ्वीराज चौहान का नाचने वालाघोड़ा

(4) सोमेश्वर - पृथ्वीराज चौहान के नाना ✓

**190. किस राजा ने अलवर में 1905 ई. में पुलिस व्यवस्था का पुनर्गठन किया-**

(1) महाराव राजा शिवदानसिंह (2) महाराजा सर जयसिंह ✓

(3) महाराव जेतसिंह (4) महारावल मंगलसिंह

**191. सिरोही जिले का कौनसा स्थान परमार राजाओं की राजधानी था-**

(1) चन्द्रावती ✓ (2) हमीरपुर

(3) कल्याणी (4) माउंट आबू

**192. निम्न में से असंगत बताइये -**

(1) जयपुर नगर के वास्तुकार विद्याधर भट्टाचार्य थे।

(2) आमेर राज्य का सर्वाधिक विस्तार सवाईजयसिंह के समय हुआ।

(3) सवाई जयसिंह ने अन्तर्जातीय विवाह प्रथा पर रोक लगाई। ✓

(4) सवाई जयसिंह को ''चाणक्य'' की संज्ञा दी गई है।

**193. मराठा आक्रमण से तंग आकर किस जयपुर महाराजा ने आत्महत्या कर दी -**

(1) सवाई जयसिंह (2) सवाई माधोसिंह
(3) सवाई प्रतापसिंह (4) सवाई ईश्वरीसिंह ✓

**194. क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ी रियासत थी-**

(1) मारवाड़ ✓ (2) मेवाड़
(3) मेवात (4) ढूँढाड़

**195. 1857 की क्रान्ति के समय बीकानेर के महाराजा कौन थे -**

(1) स्वरूप सिंह (2) सूरजसिंह
(3) सरदार सिंह ✓ (4) सूजानसिंह

**196. जैसलमेर का पहला शाका किसके समय हुआ-**

(1) जयराज (2) मूलराज प्रथम ✓
(3) मूलराज द्वितीय (4) रतनसिंह

**197. निम्न में से असंगत बताइए -**

(1) जैसलमेर प्रजामंडल के संस्थापक - मीठालाल व्यास
(2) शाहपुरा प्रजामंडल के संस्थापक - रमेशचंद्र औझा
(3) कुशलगढ़ प्रजामंडल के संस्थापक - भंवरलाल निगम
(4) किशनगढ़ प्रजामंडल के संस्थापक - चुन्नीलाल चौथाणी ✓

**198. बावड़ीयों की सिरमौर बावड़ी किसे कहा जाता हैं-**

(1) श्यामा बावड़ी (2) रानीजी की बावड़ी ✓
(3) व्यास बावड़ी (4) चम्पा बावड़ी

**199. जाट वंश के किस शासक ने पूर्वी राजपूताने के राज्यों के पॉलिटिकल ऐजेन्ट का कार्यालय धौलपुर से भरतपुर स्थानान्तरित कर दिया -**

(1) रामसिंह ने ✓ (2) किशनसिंह ने
(3) बदनसिंह ने (4) बलवंत सिंह ने

**200. निम्न में से अंसगत हैं -**

(1) रास्तापाल कांड - डूंगरपुर
(2) डाबी कांड - बूंदी
(3) तसीमो कांड - धौलपुर
(4) डाबड़ा कांड - अलवर ✓

**201. 1857 की क्रान्ति के समय राजपूताना के ए.जी.जी. कौन थे ?**

(1) कर्नल एबॉड (2) मेजर बर्टन
(3) पैट्रिक लॉरेंस ✓ (4) मैकेमौसन

**202. राजस्थान निर्माण के द्वितीय चरण ''राजस्थान संघ'' की राजधानी बनाई गई-**

(1) जयपुर (2) उदयपुर
(3) कोटा ✓ (4) अलवर

**203. किस स्वतंत्रता सेनानी को आधुनिक राजस्थान का निर्माता व राजस्थान का शताब्दी पुरूष कहा जाता है -**

(1) जीतमल राजपुरोहित (2) मोहनलाल सुखाड़िया ✓
(3) गोकुल जी वर्मा (4) बेणीमाधव शर्मा

**204. चाम्पानेर की संधि कब हुई थी -**

(1) 1452 (2) 1453
(3) 1454 (4) 1456 ✓

**205. ''खुदा का शुक्र है कि किसी तरह फतह हासिल हो गई, वरना मुट्ठी भर बाजरे के लिए मैनें हिन्दुस्तान की बादशाहत खो दी होती'' यह कथन किसका है-**

(1) मालदेव (3) अबुल फजल
(3) मुहणोत नैणसी (4) शेरशाह सूरी ✓

**206. किस अभिलेख में गुर्जर प्रतिहारों को लक्ष्मण के वंशज कहा गया है-**

(1) घटियाला अभिलेख (2) जोधपुर अभिलेख
(3) ग्वालियर अभिलेख ✓ (4) दौलतपुर अभिलेख

**207. हल्दीघाटी का युद्ध कब लड़ा गया था -**

(1) 18 जनवरी, 1576 (2) 18 जून, 1576 ✓
(3) 18 मई, 1576 (4) 15 जून, 1576

**208. किस चौहान शासक ने अजमेर को सबसे पहले अपनी राजधानी बनाया था ?**

(1) पृथ्वीराज प्रथम (2) अजयराज ✓
(3) पृथ्वीराज तृतीय (4) विग्रहराज

**209. निम्न में से कौन पृथ्वीराज चौहान तृतीय के समकालीन शासक नहीं था-**

(1) कन्नौज का गहड़वाल शासक जयचंद्र
(2) गुजरात का चालुक्य नरेश भीमदेव
(3) गौरप्रदेश का शासक मोहम्मद गौरी
(4) दिल्ली का सुल्तान इल्तुतमिश ✓

**210. कान्हड़देव प्रबंध की रचना किसने की थी -**

(1) पदम्नाभ ✓ (2) चन्द्रशेखर
(3) जोधराज (4) हम्मीरदेव

**211. हल्दीघाटी युद्ध में अकबर के सेना का सेनापति कौन था-**

(1) मानसिंह ✓ (2) भगवन्तदास
(3) सवाईसिंह (4) ईश्वरीसिंह

**212. राव मालदेव से संबंधित असंगत हैं -**

(1) इनका विवाह जैसलमेर के शासक राव लूणकरण की पुत्री उमादे से हुआ जो कि 'रूठी रानी' के नाम से प्रसिद्ध हुई।
(2) इन्होंने पाहेबा के युद्ध में राव जैतसी को पराजित किया।
(3) 1544 ई. में मालदेव व शेरशाह सूरी के बीच प्रसिद्ध 'गिरी सुमेल का युद्ध' हुआ।
(4) इन्होंने 'सिवाणा के किले' का निर्माण करवाया। ✓

**213. व्यक्ति एवं उपनाम में असंगत है।**

(1) राय पिथौरा - पृथ्वीराज चौहान
(2) हसमत वाला शासक - मालदेव
(3) डिंगल का हेरोस - पृथ्वीराज राठौड़
(4) कलयुग का कर्ण - रायसिंह ✓

**214. ''पदमसिंह बीकानेर का सर्वश्रेष्ठ वीर था'' और जनता के हृदय में उसका वही स्थान है, जो इंग्लैण्ड की जनता के हृदय में ''रिचर्ड दि लॉयन हार्टेड'' का है-**

(1) टोस्सितोरी (2) कर्नल पाउलेट ✓
(3) अबुल फजल (4) कर्नल जेम्स टॉड

**215. 1916 में ब्यावर में 'होमरूल लीग' की स्थापना किसने की ?**

(1) श्यामी कृष्ण वर्मा (2) जयनारायण व्यास
(3) दामोदरदास राठी ✓ (4) गोकुल भाई भट्ट

**216. राजस्थान की वह रियासत जिसने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में न भाग लिया व न ही उत्तरदायी शासन की स्थापना की-**

(1) जैसलमेर ✓ (2) बीकानेर
(3) टोंक (4) अलवर

**217. बिजौलिया किसान आंदोलन' में मुख्यतः किस जाति के किसान थे-**

(1) बरड़िया (2) लोल
(3) मेव (4) धाकड़ ✓

**218. बरड़ किसान आन्दोलन'' कहां पर हुआ था-**

(1) कोटा (2) बूंदी ✓
(3) सीकर (4) अलवर

**219. सन् 1923 ई. में 'मारवाड़ हितकारिणी सभा' का गठन किसके द्वारा किया गया -**

(1) विजयसिंह पथिक (2) जयनारायण व्यास ✓
(3) हरिभाऊ उपाध्याय (4) रामनारायण चौधरी

**220. राज्य के झालावाड़ जिले का सिरोंज क्षेत्र मध्यप्रदेश में कब मिला दिया गया-**

(1) 30 मार्च, 1949 (2) 1 नवम्बर, 1956 ✓
(3) 15 मई, 1949 (4) जनवरी, 1950

221. अजमेर में किसकी अध्यक्षता में ''राजपूताना मध्य भारत सभा'' का अधिवेशन आयोजित किया गया-

(1)अर्जुनलाल सेठी (2) विजय सिंह पथिक

(3)जमनालाल बजाज ✓ (4) गोपालसिंह खरवा

222. राजस्थान के किन शासकों को कन्नौज शासक जयचंद गहड़वाल का वंशज माना जाता है-

(1) आमेर का कच्छवाहा (2) अजमेर के चौहान

(3) चित्तौड़ के गुहिल (4) जोधपुर के राठौड़ ✓

223. निम्न में से असंगत बताइए -

(1) चौहानों को पृथ्वीराज रासौ ने इसे अग्निकुण्ड से उत्पन्न बताया हैं।

(2) पंडित गौरीशंकर औझा के अनुसार चौहान सूर्यवंशी थे।

(3) डॉ. दशरथ शर्मा के अनुसार चौहान ब्राह्मण वंश से उत्पन्न हुए।

(4) कर्नल टॉड ने चौहानों को चंद्रवंशी माना हैं। ✓

224. अलाउद्दीन खिलजी ने राजस्थान में सर्वप्रथम किस राज्य पर अधिकार किया था -

(1) रणथम्भौर ✓ (2) चितौड़

(3) जालौर (4) अजमेर

225. जालौर के किस चौहान शासक ने राजेश्वर की उपाधि धारण की -

(1) समरसिंह (2) अल्हण

(3) कीर्तिपाल ✓ (4) कान्हड़देव

226. निम्न में से किस ग्रंथ की रचना रायसिंह ने नहीं की-

(1) ज्योतिष रत्नाकर (2) वैधक वंशावली

(3) बाल बोधिनी (4) काव्य डाकिनी ✓

227. जैसलमेर के किस शासक ने अंग्रेजों से संधि की थी-

(1) मूलराज द्वितीय ✓ (2) अमरसिंह

(3) तेजसिंह (4) जगमालसिंह

228. हाड़ा राजपूतों की सबसे पहली राजधानी कौनसी थी -

(1) बूंदी ✓ (2) झालावाड़

(3) कोटा (4) इनमें से कोई नहीं

229. जाटों का सिनसिनवार प्लेटो किसे कहते हैं -

(1) बदनसिंह (2) चूड़ामन

(3) महाराजा सूरजमल ✓ (4) महाराजा रतनसिंह

230. गणेश शंकर विद्यार्थी द्वारा कानपुर से प्रकाशित समाचार पत्र 'प्रताप' से किस किसान आंदोलन के संबंध में समाचार प्रकाशित किए जाते थे -

(1) बिजोलिया किसान आंदोलन ✓ (2) बेंगू किसान आंदोलन

(3) मेव किसान आंदोलन (4) अलवर किसान आंदोलन

231. 'बनवासी संघ' की स्थापना किसने की थी ?

(1) गोविंद गिरी ने (2) मोतीलाल तेजावत ने ✓

(3) दयानंद सरस्वती ने (4) विजयसिंह पथिक ने

232. चिड़ावा का गांधी किसे कहा गया हैं ?

(1) सरदार हरलाल सिंह (2) सेठ घनश्याम दास

(3) मास्टर प्यारेलाल गुप्ता ✓ (4) राधाकृष्ण बोहर

233. राजपूत काल माना जाता है-

(1) 6 से 10वीं शताब्दी (2) 10वीं से 12वीं शताब्दी

(3) 7 से 12वीं शताब्दी ✓ (4) 8वीं से 10वी शताब्दी

234. वह अभिलेख जो प्राचीन राजस्थान में भागवत सम्प्रदाय के प्रभाव की पुष्टि करता है-

(1) घटियाला अभिलेख

(2) हेलियोडोरस का बेसनगर अभिलेख

(3) बिजौलिया अभिलेख

(4) घोसुण्डी अभिलेख ✓

235. मंडोर प्रतिहार शाखा का संस्थापक कौन था-

(1) मूलराज (2) वत्सराज

(3) हरिशचन्द्र ✓ (4) महेशराज

236. अकबर द्वारा महाराणा प्रताप को समझाने हेतु भेजे गए व्यक्तियों का सही क्रम हैं -

(1) जलाल खां, मानसिंह, भगवंत दास, टोडरमल ✓

(2) मानसिंह, जलाल खां, टोडरमल, भगवंत दास

(3) जलाल खां, टोडरमल, मानसिंह, भगवंत दास

(4) टोडरमल, जलाल खां, मानसिंह, भगवंत दास

237. वैशाख कृष्ण तृतीया के दिन धींगा गणगौर किस महाराणा के शासनकाल में शुरू हुआ ?

(1) अमरसिंह (2) जवानसिंह

(3) फतेहसिंह (4) राजसिंह ✓

238. सिरोही के राजा शिवसिंह ने ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ संधि कब की थी -

(1) 11 सितम्बर, 1823 ✓ (2) 11 अक्टूबर, 1823

(3) 11 नवम्बर, 1823 (4) 11 दिसम्बर, 1823

239. सवाई जयसिंह द्वारा किन स्थानों पर वैद्यशालाओं का निर्माण किया गया-

(1) दिल्ली, जयपुर, उदयपुर, मथुरा, वाराणसी

(2) जयपुर, दिल्ली, आगरा, उज्जैन, वाराणसी

(3) दिल्ली, जयपुर, उज्जैन, मथुरा, बनारस ✓

(4) दिल्ली, जयपुर, उज्जैन, मदसौर, वाराणसी

240. अजीतसिंह ने अपनी पुत्री इन्द्र कुंवरी का विवाह किस मुगल बादशाह से किया -

(1) औरंगजेब (2) जहांगीर

(3) मुहम्मद फखरूद्दीन (4) फर्रूखशियर ✓

241. निम्न में से किस ग्रंथ का निर्माण अनूप सिंह ने नहीं किया-

(1) काम प्रबोध (2) संगीतानूराग

(3) अनूप विवेक (4) संगीतराज ✓

242. राजस्थान में 1857 की क्रान्ति का आरंभ किस स्थान से हुआ था-

(1) एरिनपुरा (2) नसीराबाद ✓

(3) नीमच (4) आऊवा

243. किस स्वतंत्रता सेनानी ने दिल्ली के चाँदनी चौक में 23 दिसम्बर,1912 को वायसराय लार्ड हार्डिंग पर दिल्ली में प्रवेश करते समय बम फेंका था-

(1) केसरी सिंह बारहठ (2) जोरावरसिंह बारहठ ✓

(3) प्रताप सिंह बारहठ (4) देवी सिंह बारहठ

244. राजस्थान के इतिहास का प्रथम जौहर कहां पर हुआ था -

(1) भटनेर (2) चित्तौड़

(3) जैसलमेर (4) रणथम्भौर ✓

245. चौहानों की उत्पति ऋषि वशिष्ट द्वारा आबू पर्वत पर किए गये अग्निकुंड से हुई थी। इस मत के समर्थक कौन-कौन हैं -

(1) पृथ्वीराज रासौ, मुहणौत नैणसी व सूर्यमल्ल मिश्रण ✓

(2) पृथ्वीराज रासौ, पं. गौरीशंकर हीराचंद ओझा व दशरथ शर्मा

(3) पृथ्वीराज रासौ, कर्नल जेम्स टॉड, व सूर्यमल्ल मिश्रण

(4) उपर्युक्त सभी

राजस्थान सामान्य ज्ञान
कला संस्कृति, भूगोल, इतिहास संपूर्ण राजस्थान जीके
सभी टॉपिक वाइज नोट्स व प्रश्नोत्तरी PDF
सभी भर्ती परीक्षाओं हेतु उपयोगी PDF
राजस्थान GK All PDF's